# फर्द अहकाम

(नियम 15)

## अज अदालत उपखण्डाअधिकारी एवं सहायक कलक्टर पीलीबंगा

मुकाम पीलीबगा

**प्रार्थना पत्र – श्री गुरमेल सिंह पुत्र जंगीर सिंह जाति मजहबी साकिन सिंहपुरा**

प्रार्थना पत्र संख्या ८८ सन् **2022**

किस्म प्रार्थना पत्र – 136 एलआरएक्ट

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 09.02.2022 | प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शिविर खोथांवाली में पेश होकर प्रार्थी श्री गुरमेल सिंह पुत्र जंगीर सिंह जाति मजहबी साकिन 10 बीएलडब्ल्यू ने रा.भू. राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत दरख्वास्त पेश की है कि चक 10 बीएलडब्ल्यू की जमाबंदी सम्वत् 2076–2079 खाता सं. 59 में गेला सिंह पुत्र जंगीर सिंह दर्ज रिकॉर्ड है जबकि इनका सही नाम श्री गुरमेल सिंह पुत्र जंगीर सिंह है। अतः इनका नाम श्री गुरमेल सिंह पुत्र जंगीर सिंह करने हेतु निवेदन किया गया है। प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार से रिपोर्ट ली गई। श्री युनुस खान चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, आदर्श प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र, खोथांवाली व जगरूप सिंह, प्रधानाध्यापक, रा0मा0 विद्यालय सिंहपुरा पीलीबंगा द्वारा गवाही दी गई कि गेला सिंह पुत्र जंगीर सिंह व श्री गुरमेल सिंह पुत्र जंगीर सिंह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। सरपंच ग्राम पंचायत खोथांवाली पंचायत समिति पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ द्वारा पहचान कर प्रमाण पत्र जारी किया गया है। प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत साक्ष्यों, सरपंच द्वारा जारी पहचान प्रमाण–पत्र, दो सरकारी कार्मिकों की गवाही तथा उपतहसीलदार गोलुवाला रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसील पीलीबंगा चक 10 बीएलडब्ल्यू के खाता सं. 59 में गेला सिंह पुत्र जंगीर सिंह की जगह श्री गुरमेल सिंह पुत्र जंगीर सिंह नाम शुद्ध किया जाता है। शेष प्रविष्टियां यथावत रहेगी। तहसीलदार पीलीबंगा पालना सुनिश्चित करें। पत्रावली फैसल होकर दाखिल दफतर की जाती है।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>(राजस्व) पीलीबंगा | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Ranjeet Kumar
Date: 2022.04.24 16:53:45 IST
Reason: SelfAttested